# स्तन कैंसर की सक्रीनिंग पायलट कार्यक्रम - चरण II

सरकार द्वारा सब्सिडी वाला स्तन के कैंसर की जांच पर पायलट कार्यक्रम - चरण II (“कार्यक्रम”) शुरू हो गया है। सरकार स्तन कैंसर के विकास के उच्च जोखिम वाली पात्र महिलाओं के लिए सब्सिडी वाले स्तन कैंसर की जांच प्रदान करने के लिए नामित सेवा प्रदाताओं के साथ सहयोग करती है।

## कार्यक्रम की पृष्ठभूमि

स्तन कैंसर की जांच का उद्देश्य किसी भी लक्षण के प्रकट होने से पहले प्रारंभिक अवस्था में स्तन कैंसर का पता लगाना है, ताकि कैंसर को बढ़ने से रोकने के लिए प्रभावी और समय पर उपचार दिया जा सके। कैंसर की रोकथाम और जांच पर कैंसर विशेषज्ञ कार्य समूह की सिफारिशों के आधार पर, सरकार ने स्तन कैंसर की जांच के लिए जोखिम-आधारित दृष्टिकोण अपनाया है। स्तन कैंसर के विकास के बढ़े हुए और मध्यम जोखिम वाली महिलाओं को हर दो साल में जांच कराने की सलाह दी जाती है, जबकि स्तन कैंसर के विकास के उच्च जोखिम वाली महिलाओं को हर साल जांच कराने की सलाह दी जाती है।

## भाग लेने वालों की पात्रता

कार्यक्रम में शामिल होने के लिए, पात्र व्यक्तियों को निम्नलिखित सभी मानदंडों को पूरा करना चाहिए:

- 35 से 74 वर्ष की आयु की महिलाएँ। स्तन या डिम्बग्रंथि के कैंसर के पारिवारिक इतिहास वाले लोगों के लिए, स्क्रीनिंग उस उम्र से 10 साल पहले शुरू हो सकती है जिस पर उनके सबसे छोटे रिश्तेदार का निदान किया गया था (लेकिन 30 वर्ष की आयु से पहले नहीं)
- हांग कांग पहचान पत्र[1] या छूट का प्रमाण पत्र रखें
- इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड साझाकरण प्रणाली (eHRSS) में पंजीकृत
- स्तन कैंसर के भारी जोखिम में होना, जिसमें शामिल हैं
    - ■ कुछ आनुवंशिक उत्परिवर्तन (जैसे *BRCA1*, *BRCA2*, आदि) के वाहक, जिनमें स्तन कैंसर विकसित होने का आजीवन जोखिम बढ़ जाता है, जैसा कि आनुवंशिक परीक्षण द्वारा पुष्टि की जाती है। जीन की सूची के उदाहरण www.breastscreen.gov.hk पर देखे जा सकते हैं या
    - ■ स्तन या डिम्बग्रंथि के कैंसर के मजबूत पारिवारिक इतिहास के साथ, जैसे:
        - कोई भी प्रथम डिगरी की महिला रिश्तेदार[2] BRCA1/2 उत्परिवर्तन की पुष्टि की गई वाहक है
        - कोई भी प्रथम- या द्वितीय-डिगरी[3] महिला रिश्तेदार स्तन कैंसर और डिम्बग्रंथि के कैंसर दोनों से पीड़ित है
        - कोई भी प्रथम-डिगरी महिला रिश्तेदार द्विपक्षीय स्तन कैंसर से पीड़ित है
        - कोई भी पुरुष रिश्तेदार स्तन कैंसर के इतिहास के साथ
        - 2 प्रथम-डिगरी महिला रिश्तेदार स्तन कैंसर से पीड़ित हैं और उनमें से एक का निदान ≤50 वर्ष की आयु में किया गया है
        - ≥2 प्रथम- या द्वितीय-डिगरी महिला रिश्तेदार डिम्बग्रंथि के कैंसर से पीड़ित हैं
        - ≥3 प्रथम- या द्वितीय-डिगरी महिला रिश्तेदार स्तन कैंसर से पीड़ित हैं या स्तन कैंसर और डिम्बग्रंथि के कैंसर का संयोजन है

---

[1] सिवाय उन लोगों के जिन्होंने हांग कांग में उतरने या रहने की पिछली अनुमति के आधार पर अपना हांग कांग पहचान पत्र प्राप्त किया है और ऐसी अनुमति समाप्त हो गई है या वैध नहीं रह गई है

[2] पहले डिगरी की महिला रिश्तेदार का मतलब माँ, बहन या बेटी है

[3] दूसरे डिगरी की महिला रिश्तेदार का मतलब किसी व्यक्ति की चाची, दादी, पोता/पोती, भतीजी या सौतेली बहन है

- स्तन कैंसर के लक्षणों के बिना
- स्तन कैंसर का कोई इतिहास नहीं है
- पिछले एक वर्ष में कोई मैमोग्राफी जांच नहीं कराई हो, या कार्यक्रम में नामांकन के समय डॉक्टर द्वारा दी गई सलाह के अनुसार मैमोग्राफी जांच कराने की आवश्यकता हो।

नीचे वर्णित किसी भी इतिहास वाली महिलाओं को अपने डॉक्टरों से फॉलो-अप करने की सलाह दी जाती है और वे कार्यक्रम के लिए **पात्र नहीं** हैं:

- 10 से 30 वर्ष की आयु के बीच उपचार के लिए छाती पर विकिरण चिकित्सा का इतिहास
- स्तन कैंसर का इतिहास
- स्तन के अनियमित डक्टल या लोबुलर हाइपरप्लासिया का इतिहास

## स्तन कैंसर की जाँच के लिए परीक्षण

### मैमोग्राफी

- मैमोग्राफी स्तनों की एक्स-रे जांच है। अध्ययनों से पता चला है कि मैमोग्राफी प्रारंभिक चरण के स्तन ट्यूमर का पता लगाने में प्रभावी है जिन्हें आसानी से देखा या महसूस नहीं किया जा सकता है।
- प्रक्रिया के दौरान, भाग लेने वाले को अपने ऊपरी शरीर को नग्न करना होगा। एक्स-रे मशीन के फ्लैट प्लास्टिक पैडल से स्तनों को धीरे से दबाकर, स्तनों की एक्स-रे छवियां विभिन्न कोणों से ली जा सकती हैं।
- स्तन संपीड़न के दौरान भाग लेने वाले को असुविधा या दर्द भी महसूस हो सकता है, लेकिन मैमोग्राफी का वह हिस्सा आमतौर पर केवल कुछ सेकंड तक रहता है, और छवि की गुणवत्ता और नैदानिक सटीकता में सुधार करने के लिए आवश्यक है।
- कार्यक्रम में 2डी-मैमोग्राफी को अपनाया जाता है।

### स्तन का अल्ट्रासाउंड

- भाग लेने वालों को डॉक्टर द्वारा अतिरिक्त स्तन अल्ट्रासाउंड करवाने की सलाह दी जा सकती है यदि लाक्षणिक दृष्टि से संकेत दिया गया हो। स्तन का अल्ट्रासाउंड एक ऐसा परीक्षण है जो स्तन के ऊतकों में उच्च आवृत्ति ध्वनि तरंगों को संचारित करके और परावर्तित प्रतिध्वनि को छवि में परिवर्तित करके स्तन के आंतरिक हालातों को दर्शाता है।

## सक्रीनिंग की कार्य-विधि

**सेवा प्रदाता को खोजें**

- पंजीकृत सेवा प्रदाताओं की सूची और उनकी संपर्क जानकारी के लिए www.breastscreen.gov.hk ब्राउज़ करें
- क्लीनिक में प्रदर्शित कार्यक्रम लोगो देखें

⇩

**कार्यक्रम में शामिल हों**

- अपने चुने हुए सेवा प्रदाता से संपर्क करें और अपने आकलन को नियत करें
- मूल्यांकन के दिन, अपना हांग कांग पहचान पत्र या छूट प्रमाणपत्र दिखाएँ, और निर्देशानुसार अन्य प्रासंगिक चिकित्सा दस्तावेज़ (यदि कोई हो) साथ लाएँ, जैसे कि आनुवंशिक परीक्षण रिपोर्ट, चिकित्सक से रेफ़रल पत्र, पिछली स्तन इमेजिंग रिपोर्ट, आदि।
- यदि आपको योग्य माना जाता है, तो सहमति फ़ॉर्म पर हस्ताक्षर करें और इमेजिंग अपॉइंटमेंट लें

⇩

**संबंधित इमेजिंग केंद्रों में मैमोग्राफी स्क्रीनिंग प्राप्त करें**
(और डॉक्टर द्वारा सलाह के अनुसार अल्ट्रासाउंड इमेजिंग)

⇩

**सेवा प्रदाता से स्क्रीनिंग परिणाम की सूचना प्राप्त करें**

⇩ ⇩

| **सामान्य परिणाम** | **असामान्य परिणाम** |
|---|---|
| • हर साल आकलन और स्क्रीनिंग दोहराएँ<br>• हर समय स्तन के प्रति जागरूक रहें और यदि आपको कोई असामान्य स्तन परिवर्तन दिखाई दे तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें | • स्क्रीनिंग परिणाम और अनुवर्ती कार्रवाई के बारे में चर्चा के लिए डॉक्टर से परामर्श करें योजना<br>• (यदि संकेत दिया गया हो) डॉक्टर की सलाह के अनुसार अतिरिक्त मैमोग्राफी और/या स्तन अल्ट्रासाउंड करवाएं<br>• (यदि संकेत दिया गया हो) विशेषज्ञों के पास रेफ़रल प्राप्त करें |

## अन्य सेवाएँ जिन पर उच्च जोखिम वाली महिलाएँ विचार कर सकती हैं (कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल नहीं)

स्तन कैंसर के उच्च जोखिम वाली महिलाएँ कार्यक्रम के अंतर्गत अन्य सेवाओं के इलावा नियमित मैमोग्राफी सक्रीनिंग पर भी विचार कर सकती हैं, जो उनके जोखिम कारकों पर निर्भर करता है। इन सेवाओं में स्तन की मेगनेटिक रेसोनेंस इमेजिंग (MRI) जाँच, आनुवंशिक परामर्श और परीक्षण, तथा स्तन कैंसर के जोखिम को कम करने की रणनीतियों पर विशेषज्ञों (जैसे स्तन सर्जन, स्त्री रोग विशेषज्ञ) से परामर्श शामिल हैं। हालाँकि ये सेवाएँ कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल नहीं हैं, लेकिन भाग लेने वालों को अन्य चिकित्सा संस्थानों में भेजा जा सकता है जहाँ वे इन सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं और व्यक्तिगत देखभाल प्राप्त कर सकते हैं। हालाँकि, भाग लेने वालों को होने वाली लागतों को वहन करना होगा।

## सेवा प्रदाताओं और सह-भुगतान का विवरण

### कहाँ जाँच करवानी है

सब्सिडी वाली स्तन कैंसर जाँच सेवा प्रदान करने वाले सेवा प्रदाताओं और उनके चिकित्सा क्लीनिकों की सूची के लिए www.breastscreen.gov.hk पर जाएँ। परामर्श के लिए अपॉइंटमेंट लेने के लिए कृपया अपने पसंदीदा सेवा प्रदाता को चुनें और उससे संपर्क करें।

### सह-भुगतान

जबकि कार्यक्रम को सरकार द्वारा सब्सिडी दी जाती है, व्यक्तिगत सेवा प्रदाता प्रतिभागियों से सरकारी सब्सिडी के अलावा उनकी इमेजिंग सेवाओं के लिए सह-भुगतान करने का अनुरोध कर सकते हैं। सह-भुगतान प्रत्येक मैमोग्राफी या अल्ट्रासाउंड स्क्रीनिंग के लिए $225 से अधिक नहीं है। सह-भुगतान का विवरण कार्यक्रम की वेबसाइट पर सूचीबद्ध है।

## कृपया ध्यान दें:

1. सभी जाँच परीक्षण 100% सटीक नहीं होते हैं। उनकी सीमाएँ होती हैं और उनमें संभावित जोखिम होते हैं, जैसे कि गलत-सकारात्मक, गलत-नकारात्मक, अति-निदान और अनावश्यक उपचार।
2. जो महिलाएँ स्तन कैंसर की जाँच करवाना चाहती हैं, उन्हें जाँच करवाने से पहले अपने डॉक्टर से संभावित लाभ और हानि के बारे में चर्चा करनी चाहिए।
3. सूचीबद्ध सेवा प्रदाता सभी संबंधित नैदानिक देखभाल और प्रबंधन के लिए पेशेवर रूप से उत्तरदायी होंगे। इस संदर्भ में सरकार की कोई जिम्मेदारी और दायित्व नहीं है।
4. यदि भाग लेने वालों को आगे की जाँच या प्रबंधन के लिए अन्य चिकित्सा संस्थानों में भेजा जाता है, तो इन सेवाओं से होने वाली लागत को कार्यक्रम के तहत सब्सिडी नहीं दी जाएगी।

कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया www.breastscreen.gov.hk पर जाएँ

स्वास्थ्य विभाग, हांग कांग एसएआर

2025 में प्रकाशित